# चंदौली की तरह यूपी में पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे 12 औद्योगिक पार्क

माई सिटी रिपोर्टर

## प्रमुख सचिव आलोक कुमार सिंह ने एमएसएमई कॉन्क्लेव में उद्यमियों को दिया आश्वासन

**वाराणसी।** प्रमुख सचिव, अवस्थापना व औद्योगिक विकास आलोक कुमार सिंह ने कहा कि चंदौली के बबुरी स्थित चंदाइत में विकसित हो रहे औद्योगिक पार्क जैसे प्रदेश में 12 औद्योगिक पार्क पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाएंगे। जमीन चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह प्रदेश एमएसएमई प्रदेश बनता जा रहा है।

नदेसर स्थित होटल में सोमवार को रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन की ओर से आयोजित एमएसएमई कॉन्क्लेव में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई का उत्पादन देश के अन्य प्रदेशों से सबसे ज्यादा है। प्रदेश में महिला उद्यमियों की संख्या कम है। इसलिए महिला उद्यमियों को अधिक से अधिक सब्सिडी हर क्षेत्र में दी जा रही है। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों की समस्याएं और सुझाव को जाना।

रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल जिस नीति के तहत बनाया गया, उस पर खरा नहीं उतर पा रहा है। विभागों और अधिकारियों के पास उद्यमियों को चक्कर काटना ही पड़ता है। उद्यमी विनम्र अग्रवाल और सौरभ शाह ने कहा कि पूर्वांचल में औद्योगिक विकास को गति देना है तो फिर मानचित्र स्वीकृति की दर यूपीसीडा जैसी होनी चाहिए। वीडीए का शुल्क यूपीसीडा के मुकाबले दस गुना ज्यादा है। बिल्डर गोविंद केजरीवाल, आकाशदीप, आर्किटेक्ट आरसी जैन ने काशी से एचएफएल को हटाने और टाउनशिप डेवलपमेंट में मानक को 25 एकड़ से घटा कर 10 एकड़ करने की मांग रखी।